हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 5 सितंबर 2026

देवास | रतलाम | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 संवाद से विश्वास, जागरूकता से सुरक्षा के...



07 ललितपुर में बारिश-बाढ़ का कहर, 11 बांधों के गेट...



### कृष्ण जन्मोत्सव पर छाया उल्लास, नंदलाल को पालने में झुलाया

### मंदिरो में धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

# नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...मंदिरों में गूंजे जयकारे


हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, फूलों में सज रहे है, श्री वृंदावन बिहारी जैसे कृष्ण भजनों के साथ नगर में पुरे दिन वर्षा के दौर के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उल्लास छाया रहा। पूरा नगर कृष्ण भक्ति के रंग में सराबोर दिखाई दे रहा था। विभिन्न राधाकृष्ण मंदिरो में सजावट के साथ भगवान कृष्ण व राधाजी की प्रतिमाओं का मनमोहक श्रृंगार किया गया था। मंदिरो में भक्तो की सुबह से देर रात्रि तक भीड़ लगी रही। कई स्थानो पर नंदलाल को पालने में झुलाया गया व मटकी फोड के कार्यक्रम हुवे।

गुरुवार रात से हो रही वर्षा भी भक्तों की श्रद्धा को कम नही कर पाई और भक्त बारिश के बीच मंदिरों में पहुंच रहे थे। शुक्रवार को जन्माष्टमी पर्व पर नगर के मां बगलामुखी मंदिर स्थित पारदेश्वर राधाकृष्ण मंदिर में स्थित भगवान की प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा पूरे मंदिर को गुब्बारों व पुष्पों से सजाया गया। जिनके दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड लगी रही। भगवान के जन्मोत्सव पर सभी को फलाहारी खिचडी का वितरण सुबह से देर रात तक किया गया। नगर के जायसवाल कॉलोनी स्थित चार धाम मंदिर पर भी पर्व का उल्लास दिखाई दिया। मंदिर में विराजित सभी प्रतिमाओं का मनमोहक श्रृंगार पुष्पों के द्वारा किया गया। जिनके दर्शन के लिए बडी संख्या में भक्तों का तांता लगा रहा। इसी प्रकार नगर के प्राचीन चोथमलजी के मंदिर, स्वर्णकार समाज के राधाकृष्ण मंदिर, सांवलिया नाथ मंदिर (जहॉ विराजित कृष्ण प्रतिमा का स्वरुप उज्जैन के गोपाल मंदिर के समान है), नामदेव समाज के गोवर्धन नाथ मंदिर, सेन समाज के राधाकृष्ण मंदिर, सहित मुखर्जी मार्ग, डोकरपुरा, रामपुरा आदि स्थानो पर भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सभी मंदिरो में आकर्षक सजावट कर विद्युत रोशनी की गई व कृष्ण की लीलाओं पर आधारित आकर्षक झांकिया बनाई गई तथा भक्तो ने नंदलाल को पालने में झुलाया। जन्माष्टमी के इस पावन पर्व पर मंदिरो में प्रातःकाल से देर रात्रि तक जन्मोत्सव का उल्लास छाया रहा जहा विशेष पुजा अर्चना के साथ आरती व अन्य धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुवे। मध्य रात्रि में मंदिरो में शंख, झांझ, मंजीरे व घंटाल की गूंज के साथ कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। मध्यरात्रि में सभी मंदिरों के साथ ही अधिकांश हिन्दू घरों में भगवान के जन्म की









महाआरती की गई। मंदिरों में महाआरती के बाद भक्तो को पंजेरी, सिगांड़े, खोपरा बुरा व हलवे आदि की प्रसादी का वितरण किया गया। कई स्थानो पर मटकी फोड प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई, जहां विजेता टीम को आयोजकों द्वारा पुरुस्कार राशि प्रदान की गई।

बच्चे भी सजे कृष्णरूप में जन्माष्टमी पर जहां राधाकृष्ण मंदिरों में भगवान को श्रृंगारित किया गया था वहीं छोटे-छोटे बच्चों को माता पिता द्वारा कृष्ण एवं राधा के रूप में सजाया गया था। राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चे अपने अपने मोहल्ले में सभी का मन मोह रहे थे



### श्रीनाथ धाम में मनाया जन्मोत्सव

शुक्रवार को ही नगर के प्रसिद्ध श्रीनाथ मंदिर पर धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। मंदिर परिसर में आकर्षक सज्जा की गई थी वही ठाकुर जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर मंदिर के पट रात्रि 12 बजे बाद तक खुले हुवे रहे। सुबह से देर रात तक दर्शनार्थ भक्तों का तांता लगा रहा। रात्रि ठीक 12 बजे भगवान के जन्म की महाआरती की गई एवं भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया गया।

### कृष्ण सुदामा की सच्ची मित्रता पर लघु नाटिका का मंचन

**नलखेड़ा।** स्थानीय कमलासागर हायर सेकेंडरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नन्हे नन्हे बच्चों द्वारा कृष्ण सुदामा की सच्ची मित्रता पर लघु नाटिका का जीवंत मंचन किया गया। कमलासागर स्कूल के छोटे छोटे विद्यार्थियों द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्ण सुदामा की सच्ची मित्रता पर एक लघु नाटिका का मंचन कर



जमकर दाद बटोरी गई। लघु नाटिका के दौरान सुदामा के पहुंचने पर श्रीकृष्ण द्वारा उनके पैर धोने के साथ ही अपने साथ भोजन करवाने का मंचन उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों को करतल ध्वनि के लिए मजबूर कर गया। लघु नाटिका के माध्यम नन्हे नन्हे विद्यार्थियों द्वारा सच्ची मित्रता का संदेश दिया गया।

### श्री पारदेश्वर श्री राधा कृष्ण मंदिर पर की गई आकर्षक सजावट



मां बगलामुखी मंदिर प्रांगण में स्थित श्री पारदेश्वर श्री राधा-कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया। पर्व के अवसर पर भगवान श्री राधा-कृष्ण का विधि-विधान से अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया गया। जन्माष्टमी को लेकर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। आकर्षक पुष्पों और रंग-बिरंगी सजावट से सजा मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भगवान के मनमोहक श्रृंगार और मंदिर की भव्य सजावट को निहारने के लिए बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राधा-कृष्ण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ था और पूरा परिसर राधे-कृष्ण के जयकारों से गूंजायमान रहा ।

# बरसते पानी में प्रभातफेरी में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**नलखेड़ा।** अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नगर में प्रारंभ की गई श्री राम संकीर्तन यात्रा अभी भी जारी है। यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों द्वारा हिंदू उत्सवों को भी यात्रा के दौरान मनाया जाता है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को बरसते पानी में निकली प्रभातफेरी में धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। श्री राम संकीर्तन मंडली द्वारा शुक्रवार को प्रातः 5.30 बजे चौक बाजार से सुमधुर ढोलक वादन व



श्री कृष्ण भजनो के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। बरसते पानी मे भी श्रीराम संकीर्तन यात्रा में शामिल भक्तों की श्रद्धा कम नही हुई थी और वे छाते लगाकर भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव में शामिल थे। प्रभातफेरी में एक भक्त भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप को टोकरी में लेटाकर सिर पर उठाए चल रहे थे। प्रभातफेरी में शामिल भक्त कृष्ण भजनों पर ढोलक व झांझ मजीरो की ताल पर नाचते चल रहे थे। प्रभातफेरी के माध्यम से नगर में ब्रह्म मुहूर्त से ही कृष्ण जन्मोत्सव का वातावरण निर्मित हो गया था।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

भवन कॉन्वेंट हाई स्कूल, रेवास देवड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भगवान श्री कृष्ण एवं श्री राधा की मनमोहक वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने कृष्ण की बाल लीलाओं, भजनों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। विद्यालय परिसर में श्री कृष्ण के जीवन एवं उनके आदर्शों से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को प्रेम, करुणा, सत्य, धर्म एवं सदाचार के



मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## टिन शेड निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/ मंदसौर

जनपद पंचायत भानपुरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुरिया में शासन की योजना के अंतर्गत किए गए टिन शेड निर्माण पर कार्य गुणवत्ताहीन होने का आरोप लगाकर तथा ग्राम पंचायत में अन्य कार्यों में अनियमितता के आरोप के साथ कुछ ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भानपुरा रामप्रताप सिंह पंवार को सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्राम रायपुरिया के मदन, नंदकिशोर, सुरेश, दीपक, महेश, लीलाराम, नानालाल, बसंती लाल, महेश, रामलाल, लोकेश, कारूलाल, प्रहलाद, दशरथ, राकेश सहित कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर पत्र में बताया है कि शासन की योजना के अंतर्गत ग्राम रायपुरिया में हाल ही में एक टिन शेड का निर्माण कराया गया था।पत्र के अनुसार नियमों के मुताबिक नालीदार चद्दर लगाया जाना तय था। लेकिन मौके पर जो टिन शेड लगाया गया है वह चद्दर भी नालीदार नहीं है। ग्रामीण जनो के अनुसार अन्य निर्माण कार्यों की भी जांच की मांग कर उचित कार्रवाई की जाए। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भानपुरा रामप्रताप सिंह पंवार ने बताया कि ग्राम पंचायत रायपुरिया के ग्रामीणों ने एक हस्ताक्षर युक्त पत्र दिया है। जिसमें शासन की योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा टीन शेड निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन किया जाना बताया गया है। इस संबंध में जांच करवाई जा रही है जांच के बाद नियमानुसार कार्य नहीं पाए जाने पर कार्यवाही होगी। वहीं सरपंच ज्योति केवट के प्रतिनिधि तूफान केवट ने बताया कि टीन शेड का निर्माण कार्य नियम के अंतर्गत ही किया गया है। कुछ लोग राजनीतिक द्वेष्ता के चलते बदनाम करने के लिए झूठी शिकायतें कर रहे हैं।

### पीड़ितों को मिल रही है राहत

## साइबर फ्रॉड पीड़ितों को राहत दिलाने में पुलिस की पहल

**नलखेड़ा।** साइबर फ्रॉड से पीड़ित व्यक्तियों को उनकी राशि वापस दिलाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में साइबर सेल आगर एवं थाना कोतवाली आगर द्वारा शिकायतों पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की गई। प्राप्त साइबर फ्रॉड शिकायतों में पुलिस टीम द्वारा संबंधित बैंक खातों एवं लेन-देन की जानकारी प्राप्त कर फ्रॉड राशि को होल्ड कराने तथा आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य संकलित करने की कार्रवाई की गई। इसके पश्चात प्रकरणों को आवश्यक कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय आगर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से पीड़ितों को उनकी होल्ड / फ्रॉड राशि वापस किए जाने के संबंध में आवश्यक आदेश पारित किए गए। न्यायालय के आदेश के अंतर्गत दिलीप कुंभकार की 14,500 रुपए, मुकेश कोटले की 31,000, शंकरलाल मालवीय की 22,750.67,अजय यादव की 22,110.24 तथा जीवन सोलंकी की 30,000 सहित अन्य पीड़ितों की होल्ड राशि वापस किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। न्यायालयीन आदेश के पश्चात संबंधित पीड़ितों को उनकी राशि वापस मिलना प्रारंभ हो गई है। साथ ही, अन्य साइबर फ्रॉड प्रकरणों में भी होल्ड कराई गई राशि को नियमानुसार पीड़ितों तक वापस पहुंचाने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड के मामलों में त्वरित कार्रवाई के साथ-साथ बैंकिंग संस्थाओं एवं



संबंधित एजेंसियों से समन्वय कर पीड़ितों को राहत दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई, फ्रॉड राशि को समय रहते होल्ड कराने तथा न्यायालयीन प्रक्रिया के माध्यम से पीड़ितों को राशि वापस दिलाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस कार्रवाई से साइबर फ्रॉड के पीड़ितों को आर्थिक राहत मिली है। राशि वापस प्राप्त होने पर पीड़ितों एवं उनके परिजनों द्वारा आगर पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी का आभार व्यक्त किया गया। आगर पुलिस साइबर अपराध के विरुद्ध सतर्क, पीड़ितों की सहायता के लिए तत्पर।साइबर फ्रॉड पीड़ितों को राहत दिलाने में आगर पुलिस की प्रभावी पहल पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर सेल एवं थाना कोतवाली की कार्रवाई की गई।

## संयम जीवन ही मोक्ष का सर्वश्रेष्ठ मार्ग है: साध्वी विरागरसा महाराज

**नलखेड़ा।** संयम जीवन ही मोक्ष का श्रेष्ठ मार्ग है। सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र ही मोक्ष का परम एवं श्रेष्ठ मार्ग है। महिदपुर रोड नगर के श्री राजेंद्र सुरि ज्ञान भव्य ऐतिहासिक चातुर्मास के अंतर्गत 52 सिद्धि तप तपस्वीयों के सप्त दिवसीय वधामणे में पंचम दिवस शुक्रवार को पद पक्षालन वधामणा का भव्य आयोजन किया गया। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते बताया कि पद पक्षालन वधामणा का मंगलकारी लाभ सुभाष चंद्र संदीप कुमार गौरव कुमार ,अमोल, अक्षय भंडारी परिवार बप्पैया वाला द्वारा लिया गया। साथ ही 100 से अधिक सामूहिक एकाशना कराने का मंगलकारी लाभ लीलाबाई पुत्र दिनेश कुमार अनिल कुमार राजेश कुमार कांठेड़ परिवार द्वारा लिया गया। 190 लोगों की जैन समाज की संख्या में 52 सिद्धि तप,दो मासक्षमण तप साथ ही शुक्रवार को 100 से अधिक समाज जनों ने सामूहिक एकाशना तप कर महान पुण्य का उपार्जन किया। छोटे से श्री संघ ने तपस्या का नया कीर्तिमान स्थापित किया। संपूर्ण आयोजन नगर



में चातुर्मास हेतु विराजित परमपूज्य साध्वी डॉ अमृतरसा श्री जी, निरागरसा श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा की पावन कारी निश्रा में संपन्न किया जा रहे हैं। शुक्रवार की साधार्मिक भक्ति प्रभावना एवं संपूर्ण दिवस का लाभ अजय कुमार प्रियांशु बरडिया परिवार द्वारा लिया गया। सभी लाभार्थी परिवार का जैन श्री संघ द्वारा स्वागत बहुमान किया गया। संपूर्ण आयोजन में सकल जैन श्री संघ, क्षेत्रीय विधायक जैन समाज गौरव दिनेश जैन बोस एवं बाहर से पधारे हुए महानुभावों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

### बिजनेस साइट

## लाइफसाइकिल इन्वेस्टिंग: स्मार्ट एसेट एलोकेशन के साथ लक्ष्यों को जोड़ना

**रतलाम।** हममें से ज़्यादातर लोगों के पास अपने भविष्य के लिए कुछ योजनाएं होती हैं। जैसे रिटायरमेंट, बच्चों की पढ़ाई और उनकी शादी, विदेश यात्रा, सपनों का घर खरीदना, शानदार एसयूवी खरीदना वगैरह। ये लक्ष्य कम, मध्यम और लंबी अवधि के हो सकते हैं, जो 3 से 20 साल या उससे ज़्यादा समय तक के हो सकते हैं। हर लक्ष्य के लिए खास तौर पर निवेश करने से आपको अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिल सकती है।

हालांकि, आम निवेशकों के लिए हर लक्ष्य के हिसाब से सही स्टॉक, फंड, बॉन्ड, ईटीएफ वगैरह चुनना और सबसे अच्छा एसेट एलोकेशन पैटर्न पाने के लिए सही मिश्रण तय करना मुश्किल हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मैक्रो-इकोनॉमिक फ़ैक्टर, वैल्यूएशन, जियोपॉलिटिक्स, एफपीआई फ्लो और करेंसी में उतार-चढ़ाव बाजार और निवेश के फ़ैसलों पर असर डाल सकते हैं। साथ ही, व्यक्तिगत सोच-समझ या पूर्वाग्रह के कारण फैसले लेने की प्रक्रिया उतनी अच्छी नहीं हो पाती।



शुभम शर्मा
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रतलाम

लक्ष्य-आधारित निवेश का एक तरीका लाइफ साइकिल फंड है। इन फंड की एक तय मैच्योरिटी अवधि होती है और निवेशकों को बस ऐसा फंड चुनना होता है जो उनके खास जीवन लक्ष्य के सबसे करीब हो। ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से लाइफसाइकिल फंड आम निवेशकों के लिए फ़ायदेमंद हो सकते हैं। इन फंड का पोर्टफोलियो अच्छी तरह से डाइवर्सिफाइड होता है, जो इक्विटी, डेट इंस्ट्रूमेंट, इनविट्स, गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ/डेरिवेटिव में निवेश कर सकता है। इस तरह, एक ही फंड के ज़रिए कई तरह के एसेट क्लास में निवेश किया जा सकता है।

इसकी मुख्य बात 'ग्लाइड पाथ' है जो लाइफसाइकिल फंड में मिलती है। ग्लाइड पाथ का मतलब है कि शुरुआती सालों में इक्विटी में ज़्यादा निवेश किया जाता है ताकि संभावित ग्रोथ का फ़ायदा मिल सके। मैच्योरिटी की तारीख के करीब आने पर इक्विटी का हिस्सा कम कर दिया जाता है और डेट जैसे कम उतार-चढ़ाव वाले एसेट में निवेश बढ़ाया जाता है। फंड मैनेजर एक तय तरीके से एसेट एलोकेशन के मिश्रण का ध्यान रखते हैं। अलग-अलग स्कीम में सटीक एलोकेशन उनके ग्लाइड पाथ के आधार पर अलग-अलग हो सकता है।

इस तरह, लाइफसाइकिल इन्वेस्टिंग जोखिम, डाइवर्सिफिकेशन और एसेट एलोकेशन को निवेशक की समय-सीमा के साथ जोड़कर लक्ष्य-आधारित निवेश को आसान बनाती है।

इसके अनुसार, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ साइकिल फंड 2031, 2036 और 2041 पर विचार कर सकते हैं। ये लक्ष्य-आधारित निवेश के लिए बनाए गए ओपन-एंडेड फंड हैं। हर फंड की मैच्योरिटी का साल और ग्लाइड पाथ पहले से तय होता है, जो लक्ष्य के करीब आने पर इक्विटी और डेट एलोकेशन को एडजस्ट करता है। यह फंड इक्विटी, डेट, गोल्ड, सिल्वर और इनविट्स में डाइवर्सिफाइड निवेश का मौका देता है। एनएफओ 26 अगस्त से 09 सितंबर, 2026 तक निवेश के लिए खुला है।

### बिजनेस साइट

## आपके लक्ष्यों की समय-सीमा होती है, क्या आपके निवेश की भी कोई समय-सीमा होनी चाहिए?

**उज्जैन।** 25 साल की उम्र में, विदेश में छुट्टियां मनाना सबसे बड़ा वित्तीय लक्ष्य लग सकता है। एक दशक बाद, घर खरीदना प्राथमिकता हो सकती है। उसके कुछ साल बाद, बच्चे की शिक्षा या रिटायरमेंट के लिए फंड बनाना लक्ष्य हो सकता है।

हमारे वित्तीय लक्ष्य एक जैसे नहीं रहते। तो हमारा निवेश का तरीका भी वैसा ही क्यों रहे?

मान लीजिए किसी को अपनी पहली सैलरी मिलती है और वह एक साधारण मकसद से निवेश करना शुरू करता है: लंबे समय में संपत्ति बनाना। उस समय, बाज़ार के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए काफी समय हो सकता है। लेकिन जैसे-जैसे कोई बड़ा लक्ष्य करीब आता है, उतना जोखिम उठाना शायद आरामदायक न लगे।

यहीं पर लाइफसाइकिल फंड के ज़रिए लक्ष्य-आधारित निवेश महत्वपूर्ण हो जाता है। सिर्फ यह पूछने के बजाय कि ₹मेरा निवेश कितना कमा सकता है?₹, निवेशकों को यह भी पूछना चाहिए कि ₹मुझे इस पैसे की जरूरत कब होगी?₹



विजय कुमार सोनी
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, उज्जैन

अगले साल के लिए छुट्टियों की योजना, दस साल बाद घर खरीदना और तीन दशक बाद रिटायरमेंट - ये सभी बहुत अलग लक्ष्य हैं। तीनों के साथ एक जैसा व्यवहार करने से निवेश का सफर बेवजह मुश्किल हो सकता है।

इसे रोड ट्रिप की योजना बनाने जैसा समझें। आप पूरी यात्रा के दौरान एक ही गति से गाड़ी नहीं चलाएंगे। खुले हाईवे पर, आप तेज़ गति से यात्रा करने में सहज हो सकते हैं। जैसे-जैसे आप अपनी मंज़िल के करीब पहुंचते हैं, आप स्वाभाविक रूप से गति धीमी कर देते हैं और सड़क पर अधिक ध्यान देते हैं।

लाइफसाइकिल फंड के ज़रिए निवेश इसी सिद्धांत पर काम कर सकता है। जब लक्ष्य अभी दूर होता है, तो निवेशकों में बाजार के उतार-चढ़ाव को स्वीकार करने की क्षमता अधिक हो सकती है। जैसे-जैसे लक्ष्य करीब आता है, अब तक हुई प्रगति की सुरक्षा करना अधिक महत्वपूर्ण हो सकता है।

इसके अनुसार, लाइफसाइकिल फंड आपके निवेश के तरीके को लक्ष्य, उसकी समय-सीमा और जोखिम लेने की आपकी बदलती क्षमता के अनुरूप बनाने में मदद करते हैं।

आखिरकार, वित्तीय योजना समय में स्थिर तस्वीर नहीं है, बल्कि एक पारिवारिक एल्बम है जो जीवन के साथ बदलता रहता है। इसी सोच के साथ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ साइकिल फंड्स 2031, 2036 और 2041 लॉन्च किए हैं। ये लक्ष्य-आधारित निवेश के लिए डिज़ाइन किए गए ओपन-एंडेड फंड हैं, जिनमें से प्रत्येक का एक पूर्व-निर्धारित मैच्योरिटी वर्ष और एक 'ग्लाइड पाथ' होता है जो लक्ष्य के करीब आने पर इक्विटी और डेट एलोकेशन को एडजस्ट करता है। वे इक्विटी, डेट, सोना, चांदी और इनविट्स में विविध एक्सपोज़र प्रदान करते हैं। एनएफओ 26 अगस्त से 09 सितंबर, 2026 तक निवेश के लिए खुला है।

## खबर संक्षेप

### स्व. बिजोनिया की प्रथम पुण्यतिथि मनाई



**सोनकच्छ।** समीपस्थ ग्राम पिपलिया बक्सू निवासी पूर्व प्राचार्य मेहरबानसिंह बिजोनिया व रविंद्रसिंह बिजोनिया के पिता एवं पेंशनर संघ तहसील अध्यक्ष प्रहलादसिंह बिजोनिया व भेरूलाल बिजोनिया के बड़े भाई स्व. देवीलाल बिजोनिया की प्रथम पुण्यतिथि शुक्रवार सुबह निवास पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर परिजनों एवं शुभचिंतकों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया।

### दुर्गा वाहिनी बहनों ने पुलिस को बांधे रक्षा सूत्र



**सोनकच्छ।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की बहनों ने गुरुवार को सोनकच्छ में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधकर शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के तहत दुर्गा वाहिनी की बहनें सोनकच्छ प्रखंड के एसडीओपी कार्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने एसडीओपी श्यामचंद्र शर्मा को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद बहनें सोनकच्छ थाने पहुंचीं और थाना प्रभारी विक्रांत झांझोट सहित पुलिस स्टाफ के सदस्यों को रक्षा सूत्र बांधा।इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की प्रांत संपर्क प्रमुख बबीता कौशल, प्रखंड संयोजिका निशा सोलंकी सहित पंखुड़ी, भावना, बुलबुल और चेताली उपस्थित रहीं। बहनों ने पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके कर्तव्यों और सेवाओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

### आज निकलेगा चल समारोह

**देवास।** वीर योद्धा जाहरवीर गोगादेव महाराज की गोगा नवमी के अवसर पर शहर में विशाल एवं भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। चल समारोह को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरणों में पहुंच गई हैं और श्रद्धालुओं एवं समाजजनों में उत्साह का माहौल है। चल समारोह अध्यक्ष रवि सांगते वाल्मीकि समाज छोटी पाती, देवास ने बताया कि जाहरवीर गोगादेव महाराज का विशाल चल समारोह शाम 7 बजे शुरू होगा।

### देवास पुलिस ने जनचौपाल आयोजित कर 1.34 लाख लोगों से किया संवाद

# संवाद से विश्वास, जागरूकता से सुरक्षा के तहत जिलेभर में 4162 जन चौपाल आयोजित

पुलिस ने सायबर अपराध, महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति को लेकर आमजन को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद, विश्वास और समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से देवास पुलिस द्वारा जिलेभर में लगातार जन चौपाल आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में 3 सितंबर को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने जनचौपाल आयोजित कर नागरिकों से सीधे संवाद किया। इस दौरान सायबर अपराध, महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया।जन चौपाल के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं और सुझाव भी सुने तथा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की।

थाना कांटाफोड़ के ग्राम बोरखाल्या, कोतवाली थाना क्षेत्र के पशुपतिनाथ मंदिर मोती बंगला, बैंक नोट प्रेस थाना क्षेत्र के बजरंगबली नगर, नाहर दरवाजा के चंद्रतारा कॉलोनी, सिविल लाइन के कैला देवी चौराहा मिश्रीलाल नगर सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनचौपाल आयोजित की गई।इसी प्रकार कमलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम थलघेवरिया, भौरांसा थाना क्षेत्र के ग्राम भलाई खुर्द एवं कस्बा भौरांसा, खातेगांव के वार्ड क्रमांक 8, नेमावर के ग्राम इकलेरा, टोंकखुर्द के वार्ड क्रमांक 13, हरणगांव के ग्राम मचवास, उदयनगर के ग्राम पांडुतालाब, पीपलरावां के ग्राम निपानिया हुर, बरोठा के ग्राम बड़ापिपलिया, विजयागंज मंडी के ग्राम आगरोद, औद्योगिक क्षेत्र के बावड़िया, सोनकच्छ, बागली तथा कन्नौद थाना क्षेत्र के ग्राम काटकुट में पुलिस द्वारा आमजन से सीधा संवाद किया गया।जनचौपाल के दौरान पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत सीसीटीवी कैमरों के महत्व की जानकारी देते हुए नागरिकों को अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अधिक से अधिक कैमरे लगाने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे अपराधों की रोकथाम के साथ ही चोरी, लूट, महिला संबंधी अपराधों एवं अन्य गंभीर मामलों के खुलासे तथा आरोपियों की पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



सायबर अपराध से बचाव के लिए लोगों को अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक और संदेशों से सावधान रहने की समझाइश दी गई। साथ ही OTP, PIN, पासवर्ड एवं बैंकिंग से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने की अपील की गई। किसी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल 1930 सायबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई।सड़क सुरक्षा को लेकर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा रॉन्ग साइड वाहन नहीं चलाने की समझाइश दी गई। महिला सुरक्षा एवं नशामुक्ति को लेकर भी नागरिकों को जागरूक किया गया।देवास पुलिस के अनुसार 1 नवंबर 2024 से अब तक जिले में कुल 4162 जनचौपाल आयोजित कर 1 लाख 34 हजार 615 लोगों से प्रत्यक्ष संवाद किया जा चुका है। पुलिस ने आमजन से किसी भी आपातकालीन परिस्थिति अथवा पुलिस सहायता के लिए तत्काल डायल 112 पर संपर्क करने की अपील की है।

# केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान आज खातेगांव प्रवास पर

### विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज खातेगांव प्रवास परविभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिलदेवास। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज जिले के खातेगांव पहुंचेंगे। केन्द्रीय मंत्री चौहान महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ करेंगे तथा मेधावी छात्रवृत्ति कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

मंत्री चौहान शनिवार दोपहर 1 बजे खातेगांव स्थित सुषमा स्वराज स्टेडियम पहुंचेंगे। यहाँ वे स्थानीय कार्यक्रम, निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण के शुभारंभ तथा रक्षाबंधन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत वे सामाजिक समरसता-कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 03:15 से 04:45 बजे तक आयोजित स्थानीय कार्यक्रम एवं मेधावी छात्रवृत्ति वितरण समारोह में भाग लेंगे। बैंक ऑफ इंडिया स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) देवास द्वारा खातेगांव में गैर-आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से आयोजित इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण में पात्र 30 महिलाओं को महिला वस्त्र निर्माण (सिलाई) का व्यावहारिक कौशल सिखाया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को माप लेने, कटिंग, विभिन्न टांके, फिनिशिंग, गुणवत्ता जांच के साथ-साथ उद्यमिता और स्वरोजगार स्थापित करने का मार्गदर्शन भी दिया जाएगा, जिससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें।

### बाबा श्याम को अर्पित की साढ़े तीन फीट की राखी



**भौरासा।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भौरासा नगर में संस्था श्री हरिहर द्वारा तैयार की गई साढ़े तीन फीट लंबी विशेष सनातन राखी आकर्षण का केंद्र रही। बाबा श्री खाटू श्याम जी को अर्पित करने के लिए तैयार की गई इस अनूठी राखी को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे और लोगों की कतारें लगी रहीं। संस्था द्वारा तैयार की गई इस विशेष राखी में बाबा श्री खाटू श्याम के प्रतीक स्वरूप तीन बाण एवं धनुष को विशेष रूप से आकर्षक ढंग से बनाया गया था। राखी की भव्यता और आकर्षक स्वरूप को देखकर श्रद्धालु विशेष रूप से प्रभावित हुए। इस अवसर पर संस्था श्री हरिहर के संरक्षक भादर सिंह भाटिया, सुरेश राठौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला सहित समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# यादव गवली समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



यादव गवली समाज द्वारा जन्माष्टमी के पावन पर्व पर तीन दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत प्रथम दिवस लड्डू गोपाल अनुष्ठान संपन्न हुआ, वहीं दूसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर लड्डू गोपाल की भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा की विशेष बात यह रही कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ अपने सिर पर लड्डू गोपाल को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया। यात्रा गवली मोहल्ला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः गवली मोहल्ला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं अखाड़ों के कलाकार भी यात्रा में शामिल हुए और अपने प्रदर्शन से धार्मिक माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। नगर भ्रमण के पश्चात गवली मोहल्ला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में विधि-विधान से हवन संपन्न कराया गया। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत अंतिम दिन 5 सितंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पार्षद रामदयाल यादव एवं पूर्व पार्षद अर्जुन यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाते हैं, लेकिन इस वर्ष पहली बार तीन दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के सभी धार्मिक अनुष्ठान पंडित निशामणी शर्मा के सान्निध्य में संपन्न हो रहे हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लास से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला देवास द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चौबारा जागीर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने बाल गोपाल, राधा-कृष्ण एवं गोप-गोपिकाओं का रूप धारण कर कार्यक्रम में सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों की शोभायात्रा से हुआ। ढोल-ढमाके के साथ निकली शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए श्रीकृष्ण मंदिर पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने मटकी फोड़ते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। मंदिर में पहुंचकर गौ माता का पूजन किया गया।समापन अवसर पर परम पूज्य स्वामी श्री 108 नारायणनन्द महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य भीम सिंह सेंधव ने तिलक लगाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। इसके पश्चात बाल गोपाल एवं राधा-कृष्ण की आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम में सहायक आचार्य सोबाल सिंह सेंधव, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, दिव्या सेंधव एवं तन्नू सेंधव सहित विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।


### 120 वर्ष पुरानी रियासतकालीन दिंडी यात्रा आज कृष्ण भक्ति में रंगेगा शहर



**देवास।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रियासतकालीन दिण्डी यात्रा शनिवार को सीनियर राजवाड़ा से अपनी परंपरा अनुसार निकाली जाएगी। शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपरा को कायम रखते हुए देवास के राज परिवार द्वारा पिछले 119 वर्ष ये यह दिण्डी यात्रा निकाली जा रही है और यह इस वर्ष यात्रा का 120 वां वर्ष है। इस दिण्डी यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में है और इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। इस भव्य व दिव्य आयोजन के लिए सीनियर राजवाड़े के श्रीकृष्ण मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 5 सितंबर को शाम 6 बजे पूजन-अर्चन के पश्चात भगवान लड्डू गोपाल को पालकी में बैठाया जाएगा। राज परिवार के सदस्य महाराज विक्रमसिंह पवार व अन्य रियासतकालीन परिवार व बड़ी संख्या में श्रद्धालु दिण्डी यात्रा के रूप में शहर में निकलेंगे। यात्रा में विभिन्न भजन मंडलियां शामिल होगी। यात्रा सीनियर राजवाड़े से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए मीठा तालाब पहुंचेगी, जहां पूजन-अर्चन होगा।

# ग्राम घट्टीया भाना में आयोजित हो रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



ग्राम घट्टीया भाना में समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास पं. अनि पाराशर ने राजा परीक्षित एवं श्रीशुकदेव महाराज के संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भजन-कीर्तन और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से कथा पंडाल भक्तिमय हो उठा।कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य का जीवन क्षणभंगुर है और मृत्यु एक अटल सत्य है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को भगवान के नाम-स्मरण, कथा-श्रवण, सत्संग और सेवा के माध्यम से अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।पं. पाराशर ने कहा कि श्रीमद्भागवत मनुष्य को मोह और सांसारिक आसक्ति से ऊपर उठाकर परमात्मा की शरण में जाने का मार्ग दिखाती है।

# विधायक के जन्मदिन पर गौशाला में की गौसेवा, दीर्घायु की कामना की



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

विधायक मुरली भंवरा ने अपने जन्मदिन को सेवा एवं सामाजिक सरोकार के रूप में मनाने की अपील की थी। इसी भावना के अनुरूप भाजपा के वरिष्ठ नेता पोपेंद्र सिंह बग्गा ने सहपत्नी, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य प्रदीप डाबी, पार्षद प्रतिनिधि एवं अंत्योदय प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक बलदाऊ दुबे, युवा नेतृत्व योगेश पटेल, किसान नेता दीपचंद मीणा, रामेष्ट, गौशाला समिति अध्यक्ष कमलेश शर्मा, एडवोकेट राकेश तिवारी एवं विष्णु मालवीय सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ गौशाला पहुंचकर गौसेवा की।इस अवसर पर सभी ने गौमाता को गुड़ एवं दलिया खिलाकर सेवा की तथा विधि-विधान से गौमाता का पूजन एवं आरती कर विधायक मुरली भंवरा के यशस्वी जीवन, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।विधायक भंवरा की इस अपील से प्रेरित होकर जन्मदिन को उत्सव के बजाय सेवा, संस्कार और सामाजिक दायित्व से जोड़ने का संदेश दिया गया।

### गणेशोत्सव हेतु संस्था कृपालु ने किया भोजनशाला व पंडाल का भूमिपूजन

# प्रतिदिन संगीतमय आरती के साथ भंडारा होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की आराधना और भक्ति के पर्व गणेश उत्सव को लेकर संस्था कृपालु परिवार द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। संस्था के तत्वावधान में इस वर्ष भी कृपालु के बप्पा का 11 दिवसीय गणेश उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आगामी 14 सितंबर से प्रारंभ होने वाले गणेश उत्सव को लेकर शुक्रवार को भोजनशाला एवं बप्पा के विराजमान होने वाले स्थान पर बनने वाले भव्य पंडाल का विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, भारतसिंह पटलावदा वरिष्ठ भाजपा नेता, राजेश यादव जिला महामंत्री, मनीष जैन भाजपा नेता, संजय दायमा प्रदेश मंत्री, जुगनू गोस्वामी भाजपा नेता, महेश चौहान जिला उपाध्यक्ष, विजयसिंह पटलावदा जिला महामंत्री, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अनिलराज सिंह सिकरवार, अतुल बागलीकर, श्रीकांत उपाध्याय, पत्रकार साथी दिलीप मिश्रा, चेतन योगी, चंद्रपालसिंह सोलंकी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, मनोज पवार, शशिकांत वर्मा, राहुल शर्मा, महेश वर्मा, प्रभात कल्याणे , भोलू जोशी, रवि संगते, दीपक चौधरी, सहित विभिन्न गणमान्यजन एवं संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान श्री गणेश से गणेश उत्सव के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन की कामना की गई। संस्था के संरक्षक एवं मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा संस्था संयोजक सुमेरसिंह दरबार ने शहरवासियों से गणेश उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि कृपालु के बप्पा के दरबार में श्रद्धालु भगवान श्री गणेश के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें और भोजन प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लें।गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन संगीतमय आरती का आयोजन किया जाएगा। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी के भव्य भंडारे का आयोजन होगा। संस्था द्वारा उत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं, जिससे शहरवासियों को भगवान गणेश की भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण का लाभ मिल सके। उक्त जानकारी संस्था के अखिलेश पवार द्वारा दी गई।

# जन्माष्टमी पर निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर चापड़ा में शुक्रवार को कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर यदुवीर अहिर व्यायामशाला चापड़ा के नेतृत्व में भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्री सांवरिया सेठ मंदिर से प्रारंभ हुआ चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली पर राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी सजाई गई। ढोल और डीजे की धुन पर बज रहे भजनों पर ग्रामीण एवं महिलाएं उत्साह के साथ झूमते नजर आए।चल समारोह में कृष्ण रूपी बालक को टोकरी में बैठाकर सिर पर रखकर चलने का दृश्य भी आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु चल समारोह में शामिल हुए।यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस चौकी प्रभारी राकेश चौहान पुलिस बल के साथ पूरे चल समारोह के दौरान मौजूद रहे।

### कुंजन घाट पुल तीन दिन से डूबा, जखौरा-तालबेहट व जखौरा-ललितपुर मार्ग बंद

# ललितपुर में बारिश-बाढ़ का कहर, 11 बांधों के गेट खुले, बेतवा समेत कई नदियां उफान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिले में पिछले करीब 36 घंटों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लगातार बारिश के चलते बांधों में पानी की आवक बढऩे पर जिले के 11 प्रमुख बांधों से पानी की निकासी की जा रही है। भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से बेतवा, शहजाद, जामनी, जमराड़ और खेडऱ समेत कई नदियां उफान पर हैं। नदी-नालों का जलस्तर बढऩे से कई संपर्क मार्गों पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। प्रशासन और संबंधित विभाग जलस्तर पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। शुक्रवार सुबह जलस्तर बढऩे के बाद सजनाम बांध के तीन गेट खोलकर पानी की निकासी शुरू की गई। वहीं पानी की आवक कम होने के बाद जमराड़ बांध के गेट रात में बंद कर दिए गए थे। शुक्रवार सुबह आठ बजे तक गोविंद सागर, माताटीला और राजघाट समेत जिले के 11 बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा था। इनमें राजघाट बांध से सर्वाधिक 69,517 क्यूसेक, माताटीला से 65,160 क्यूसेक, शहजाद से 14,053 क्यूसेक, जामनी से 11,131 क्यूसेक, कचनौंदा से 8,105 क्यूसेक, भावनी से 8,079 क्यूसेक, भैरंट से 7,900 क्यूसेक, गोविंद सागर से 3,458 क्यूसेक, सजनाम से 3,355 क्यूसेक, उटारी से 1,590 क्यूसेक तथा बड़ाई बांध से 788 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। बांधों से पानी की निकासी और लगातार बारिश के कारण नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है।

जखौरा क्षेत्र में खेडऱ नदी के उफान पर आने से जखौरा-तालबेहट और जखौरा-ललितपुर मार्ग पिछले करीब 36 घंटों से बंद हैं। वहीं महरौनी-नाराहट मार्ग स्थित कुंजन घाट का पुल पिछले तीन दिनों से पानी में डूबा हुआ है, जिसके चलते इस मार्ग पर भी आवागमन बाधित है। मार्गों के बंद होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का आवागमन प्रभावित हुआ है। प्रशासन की ओर से नदी और बांधों के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। लोगों से नदी, नालों और तेज बहाव वाले स्थानों के आसपास जाने से बचने की अपील की जा रही है। जलस्तर बढऩे के कारण संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संबंधित विभागों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। बारिश के आंकड़ों के मुताबिक जिले में इस मानसून सीजन में अब तक 661 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी है। जिले की सामान्य औसत बारिश का मानक 907 मिलीमीटर है। लगातार बारिश और बांधों से हो रही पानी की निकासी के चलते आने वाले समय में जलस्तर की स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

### बेतवा में बढ़ते जलस्तर के चलते राजघाट और माताटीला बांध से छोड़ा जा रहा पानी

## बांधों से जल निकासी पर डीएम की पैनी नजर, गोविंद सागर बांध का किया निरीक्षण



ललितपुर । जिले में प्रथम सप्ताह सितंबर से लगातार हो रही बारिश के चलते लगभग सभी बांधों और जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जलस्तर को नियंत्रित रखने के लिए विभिन्न बांधों से निर्धारित मात्रा में पानी की निकासी की जा रही है। ऐसे में बांधों, जलाशयों और अन्य संवेदनशील स्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आमजन की सुरक्षा के लिए सिंचाई, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की टीमें गठित कर लगातार निगरानी के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और सिंचाई विभाग के अभियंता अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित बांधों, जलाशयों एवं संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करेंगे। चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखते हुए सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश स्वयं भी बांधों से हो रही जल निकासी की लगातार निगरानी कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने अधिशासी अभियंता राजघाट निर्माण खंड शैलेश कुमार के साथ गोविंद सागर बांध का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बांध के जलस्तर, पानी की उपलब्धता और जल निकासी की स्थिति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक सुरक्षात्मक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि बेतवा नदी में अपस्ट्रीम से लगातार पानी बढऩे के कारण राजघाट बांध एवं माताटीला बांध के गेटों के माध्यम से पानी की निकासी की जा रही है। जल निकासी के दौरान बांधों पर बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल और कर्मचारियों की तैनाती कर उन्हें लगातार अलर्ट मोड में रखा जाए। आवश्यकता पडऩे पर आमजन और वाहनों को खतरनाक स्थानों पर जाने से रोका जाए। इसके लिए बेरिकेडिंग समेत अन्य आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएं और बांधों पर पहुंचने वाले लोगों एवं भीड़ को नियंत्रित रखा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। प्रशासन ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होने के कारण जाखलौन पंप कैनाल से गोविंद सागर बांध में किया जा रहा जल भराव भी रोक दिया गया है। अधिकारियों को जलस्तर और जल निकासी की स्थिति पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों से अपील की है कि अत्यधिक बारिश और बांधों से पानी की निकासी के दौरान बांधों, जलाशयों, नदियों और अन्य जलभराव वाले संवेदनशील स्थलों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। उत्सुकतावश बांधों पर भीड़ न लगाएं और प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरिकेडिंग अथवा सुरक्षा प्रतिबंधों का पालन करें। उन्होंने कहा कि सावधानी और सतर्कता से ही किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकता है।

### हत्या के मुकदमे में वांछित था

## आरोपी चंचल अहिरवार गिरफ्तार पुलिस ने आईफोन बरामद किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक आईफोन एक्सआर मोबाइल भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने हत्या के मुकदमे में वांछित आरोपी नेहरू नगर निवासी चंचल अहिरवार पुत्र स्व. रमेश अहिरवार को गिरफ्तार किया। बीती 28 जुलाई 2026 को सिद्दनपुरा निवासी किरन पत्नी कृष्णपाल यादव ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्तगण उसके पति कृष्णपाल यादव और सास-ससुर से अवैध रुपये की मांग कर रहे थे। रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। साथ ही वादिया को भी जान से मारने की धमकी दी गई थी।

तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसी दौरान वादिया के करीब 65 वर्षीय ससुर घनश्याम यादव की झांसी में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इसके बाद मुकदमे में धारा 103(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई, जिससे मामला हत्या के अभियोग में परिवर्तित हो गया। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में आरोपीगण की गिरफ्तारी के लिए पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए पूर्व में इस मामले में नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया था। इसी क्रम में पुलिस ने शुक्रवार को वांछित आरोपी चंचल अहिरवार को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक आईफोन एक्सआर मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी की गिरफ्तारी 4 सितंबर 2026 को की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ललितपुर अनुराग अवस्थी मय पुलिस टीम शामिल रही।

### प्यासा गांव के श्री साकेत बिहारी रामदरबार में वारदात

## मंदिर के ताले तोड़कर भगवान के चांदी के मुकुट-छत्र चोरी



ललितपुर । मड़ावरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम प्यासा स्थित श्रीसाकेत बिहारी रामदरबार मंदिर में अज्ञात चोरों ने दुस्साहसिक चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के चांदी के मुकुट व छत्र चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह चोरी की जानकारी होने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। मंदिर के पुजारी राजेश प्रसाद के अनुसार, गुरुवार शाम उन्होंने मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना करने के बाद मुख्य दरवाजे पर ताला लगाया था। इसके बाद वह शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे रोजाना की तरह पूजा करने मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंचने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखकर उन्हें चोरी की आशंका हुई। अंदर जाकर देखा तो भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की प्रतिमाओं पर लगे चांदी के मुकुट और छत्र वहां नहीं थे। मंदिर में चोरी की जानकारी मिलते ही पुजारी ने ग्रामीणों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। धार्मिक स्थल में चोरी की घटना से लोगों में नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा कर चांदी के मुकुट और छत्र बरामद कराने तथा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही मड़ावरा पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर का निरीक्षण किया। पुलिस ने घटना से जुड़े साक्ष्यों को जुटाने के साथ आसपास के क्षेत्र में जानकारी एकत्र करना शुरू कर दिया है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात चोरों ने रात के समय मंदिर में सन्नाटा होने का फायदा उठाकर ताला तोड़ा और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आसपास के संभावित रास्तों और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है। मंदिर में हुई चोरी के बाद ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के आधार पर चोरों का पता लगाने और चोरी का सामान बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## देवगढ़ में कल गूंजेगा संरक्षण का संदेश, अंतरराष्ट्रीय गिद्ध दिवस पर नेचर वॉक

### पर्यावरण योद्धाओं की टीम तुवन मंदिर प्रांगण से होगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अंतरराष्ट्रीय गिद्ध दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को देवगढ़ में प्रकृति, जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण को समर्पित विशेष आयोजन किया जाएगा। मानव ऑर्गेनाइजेशन, विकासार्थ विद्यार्थी एवं भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नेचर वॉक के माध्यम से गिद्धों सहित विभिन्न जीव-जंतुओं के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

कार्यक्रम का मुख्य आयोजन दोपहर 1.30 बजे देवगढ़ में होगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पर्यावरण योद्धाओं एवं प्रकृति प्रेमियों की टीम दोपहर 11.45 बजे तुवन मंदिर प्रांगण से बस द्वारा देवगढ़ के लिए रवाना होगी। भारत में गिद्धों की स्थिति लंबे समय से गंभीर बनी हुई है। स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स के नवीनतम 2025 अपडेट के अनुसार भारतीय गिद्ध की दीर्घकालिक आबादी में लगभग 93.91 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। सफेद-पीठ वाले गिद्ध की दीर्घकालिक गिरावट 97.06 प्रतिशत, लाल सिर वाले गिद्ध की 86.09 प्रतिशत और मिस्र के गिद्ध की 81.33 प्रतिशत दर्ज की गई है। इन प्रजातियों को भारत में उच्च संरक्षण प्राथमिकता वाली प्रजातियों में रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय गिद्ध, सफेद-पीठ वाला गिद्ध और लाल सिर वाला गिद्ध वैश्विक स्तर पर क्रिटिकली एंडैंजर्ड श्रेणी में हैं, जबकि मिस्र का गिद्ध एंडैंजर्ड श्रेणी में है। यह आंकड़े बताते हैं कि गिद्ध संरक्षण केवल वन्यजीव संरक्षण का विषय नहीं बल्कि पारिस्थितिक संतुलन और पर्यावरणीय स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। गिद्ध मृत पशुओं के शवों को प्राकृतिक रूप से तेजी से समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### गिद्धों का संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा



पर्यावरणविद् डा.राजीव कुमार निरंजन ने कहा कि गिद्ध प्रकृति के महत्वपूर्ण सफाईकर्मी हैं। उनकी संख्या में भारी गिरावट पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि गिद्धों के प्राकृतिक आवास, भोजन और सुरक्षित प्रजनन क्षेत्रों की रक्षा के साथ-साथ समाज में इनके प्रति जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देवगढ़ में आयोजित नेचर वॉक लोगों को प्रकृति के करीब ले जाने और यह समझाने का प्रयास है कि किसी भी पारिस्थितिकी तंत्र में प्रत्येक जीव की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### गिद्ध केवल पक्षी नहीं, प्रकृति की सफाई व्यवस्था के प्रहरी




पर्यावरणविद् पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि गिद्धों की संख्या में आई भारी गिरावट हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराती है। उन्होंने कहा कि गिद्धों को बचाना केवल एक पक्षी को बचाना नहीं है। यह प्रकृति की उस व्यवस्था को बचाना है, जो मृत जीवों के अवशेषों को प्राकृतिक रूप से समाप्त कर पर्यावरण को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गिद्ध बचेंगे तो जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र की एक महत्वपूर्ण कड़ी सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि देवगढ़ की नेचर वॉक के माध्यम से गिद्धों के साथ-साथ छोटे-बड़े सभी जीव-जंतुओं, पक्षियों, वनस्पतियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

### खेतों से तत्काल जल निकासी की सलाह

## भारी बारिश से फसलों को नुकसान कृषि अधिकारियों ने लिया जायजा

### बीमित फसल की क्षति 72 घंटे में दर्ज कराने के निर्देश



ललितपुर। जिले में लगातार हुई भारी बारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए कृषि विभाग ने स्थलीय निरीक्षण शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उप कृषि निदेशक अख्तर हुसैन और जिला कृषि अधिकारी रंजीत कुमार चौरसिया ने विभिन्न विकासखंडों के प्रभावित गांवों का भ्रमण कर खेतों में खड़ी फसलों की स्थिति का निरीक्षण किया। उप कृषि निदेशक अख्तर हुसैन ने विकासखंड बिरधा के ग्राम पिपरियावंशा, आलापुर और जाखलौन तथा विकासखंड बार के ग्राम टोडी, बार और सेमराबुजुर्ग पहुंचकर बारिश से प्रभावित खेतों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से बातचीत कर फसलों की वर्तमान स्थिति और बारिश से हुए नुकसान की जानकारी ली। इसी तरह जिला कृषि अधिकारी रंजीत कुमार चौरसिया ने विकासखंड महरौनी के ग्राम अमौरा पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने जलभराव वाले खेतों में फसलों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए किसानों को प्राथमिकता के आधार पर जल निकासी की व्यवस्था करने की सलाह दी। अधिकारियों ने किसानों को फसल बीमा योजना के संबंध में भी जानकारी दी। बताया गया कि जिन किसानों की फसल बीमित है और बारिश के कारण फसल को नुकसान हुआ है, वह भारत सरकार के टोल-फ्री नंबर 14447 पर घटना की सूचना दर्ज करा सकते हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के भीतर दर्ज कराना आवश्यक है, ताकि नियमानुसार बीमा दावे की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। निरीक्षण के दौरान फसल बीमा जिला समन्वयक प्रदीप कुमार तिवारी भी मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को फसल बीमा दावे की प्रक्रिया और क्षति की सूचना दर्ज कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। कृषि विभाग की ओर से बताया गया कि स्थलीय निरीक्षण के संबंध में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला सूचना अधिकारी को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचना प्रेषित कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वह बारिश से प्रभावित फसलों की स्थिति की जानकारी दें।

## भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति घोषित, बसंती व वंशीलाल बने सदस्य, 38 पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

ललितपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के उपरांत भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू द्वारा जारी सूची में कुल 38 पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। घोषित कार्यसमिति में 10 क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, 4 क्षेत्रीय महामंत्री, 10 क्षेत्रीय मंत्री तथा 14 सदस्य शामिल हैं। नई कार्यसमिति में संगठन के विभिन्न वर्गों और क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देते हुए पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के रूप में नरेन्द्र राजपूत, भुवन प्रकाश गुप्ता, अशोक राजपूत, नीतू सिंह, पवन प्रताप सिंह, अखिलेश नाथ दीक्षित, आशीष कोल, अर्चना त्रिपाठी, अमित समाधिया एवं अरविन्द मुरिया को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं आनन्द सिंह, आदित्य त्रिवेदी, शिवसिंह भारती एवं राजेश पटेल को क्षेत्रीय महामंत्री बनाया गया है।

क्षेत्रीय मंत्री के रूप में बीरेंद्र तिवारी, प्रशांत राव चौबे, मनीष तिवारी, सरदार मनजीत सिंह, रविन्द्र सिंह शैटी, रमेश कुशवाहा, आनंद पटेल, विनोद कुशवाहा, रीता कटेरिया एवं वीरेन्द्र वर्मा को दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा सुधा मौर्य, आशा पाल, बसंती लारिया, निधि राजपाल, रागिनी भदौरिया, अमित चिखारिया, संजय विश्वकर्मा, रामपाल प्रजापति, नीरज श्रीवास्तव, लालबहादुर आर्य, मनोज निषाद, रामनरेश तिवारी, कुलदीप दुबे एवं बंशीधर श्रीवास्तव को क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। कार्यसमिति की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू सहित नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दीं। नई कार्यसमिति से संगठनात्मक गतिविधियों को और गति मिलने तथा पार्टी बूथ स्तर तक मजबूत करने की उम्मीद जताई।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर चार पर मारपीट का आरोप, घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला, बुजुर्ग महिला की उंगली कटी

ललितपुर। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम ऐरावनी में गाली-गलौज का विरोध करने पर दो पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि चार लोगों ने घर के सामने अभद्र भाषा का प्रयोग करने से रोकने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की और उसके घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची पीड़ित की बुजुर्ग मां और पत्नी को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। मारपीट में बुजुर्ग महिला के सिर में गंभीर चोट आई और हाथ की एक उंगली कट गई। घटना के बाद आरोपी घर में तोडफ़ोड़ कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। ग्राम ऐरावनी निवासी प्रभूदयाल पुत्र खेमचन्द ने थाना पाली में तहरीर देकर बताया कि 3 सितंबर 2026 की सुबह करीब आठ बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग उसके घर के सामने खड़े होकर गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे।

प्रभुदयाल ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि सेंदपाल, पुरुषोत्तम, चन्दपाल और जगतसिंह लाठी-डंडे लेकर उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोपियों से बचने के लिए वह अपने घर के अंदर भागा, लेकिन आरोपी उसका पीछा करते हुए घर में घुस आए और वहां भी मारपीट तथा तोडफ़ोड़ की। शोर सुनकर प्रभूदयाल की मां सुशीला और पत्नी माया देवी बीच-बचाव करने पहुंचीं। आरोप है कि हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। इस दौरान सुशीला के सिर में गंभीर चोट आई तथा उनके हाथ की एक उंगली कट गई। आरोप लगाया कि घटना के बाद हमलावर घर के सामान को क्षतिग्रस्त कर मौके से फरार हो गए। घटना से परिवार में दहशत का माहौल है। प्रभुदयाल की तहरीर के आधार पर ग्राम ऐरावनी निवासी सेंदपाल पुत्र जगतसिंह, पुरुषोत्तम पुत्र देवीलाल, चन्दपाल पुत्र जगतसिंह तथा जगतसिंह पुत्र परसादी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बुंदेलखंड जागृति मंच ने भक्तों की शोभायात्रा पर की पुष्पवर्षा

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बांटे फल व शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर बुंदेलखंड जागृति मंच के तत्वावधान में श्रद्धालुओं की सेवा और स्वागत के लिए विभिन्न सेवा कार्य किए गए। मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा में शामिल भक्तजनों को फल वितरित किए तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाई। इस दौरान शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ पर्व को हर्षोल्लास से मनाया गया। बुंदेलखंड जागृति मंच के सदस्यों ने शोभायात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं की सेवा करते हुए फल और पेयजल का वितरण किया। शोभायात्रा में शामिल भक्तों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। सेवा कार्य के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में बुंदेलखंड जागृति मंच के संरक्षक मंडल के सदस्य संजय श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त शिक्षक) एवं रामशरण निराला (बाबूजी), प्रबंधक डा.रक्षपाल सिंह, अध्यक्ष नीरज जैन (कामरेट), कोषाध्यक्ष राजा राजेंद्र सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष मंजीत सिंह सरदार (वरिष्ठ समाजसेवी), संगठन मंत्री रामरक्षपाल सिंह (शिक्षक), ऑडिटर धन सिंह राजपूत (शिक्षक), सांस्कृतिक मंत्री बालक दास अहिरवार (शिक्षक) तथा कार्यक्रम अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह लोधी, तालगांव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

संस्थापक सदस्य बॉबी राजा, सत्येंद्र राजपूत एड., आर.के. सिंह, महेंद्र राजपूत, शिशुपाल सिंह, अमर सिंह बुंदेला, सुरेश यादव, संग्राम सिंह यादव, भान सिंह राजपूत, संतोष सिंह, अखिलेश सिंह, उदयभान सिंह, अभिषेक राजपूत, हरिशंकर रजक, केपी राजपूत एड., दिनेश राजपूत, राजेश पाल, रामदयाल साहू एवं सामंत सिंह मौजूद रहे।

## दुकान पर बैठे लोगों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला, पति-जेठ समेत कई घायल

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मडवारी में पुरानी या मामूली बात को लेकर विवाद के बाद एक पक्ष के लोगों ने दुकान पर बैठे परिवार के सदस्यों पर कथित रूप से लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। मारपीट में पति, जेठ और बीच-बचाव करने आए उनके बेटों सहित कई लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने महिला समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीन सितंबर की शाम करीब 7.30 बजे ग्राम मडवारी निवासी पीड़ित मुख्य सड़क स्थित अपनी दुकान पर बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग अपने साथियों के साथ दुकान पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। एक महिला ने जब गाली-गलौज का विरोध करते हुए आरोपियों को ऐसा करने से रोका तो मामला बढ़ गया। आरोपी एकजुट होकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर मारपीट करने लगे। हमले के दौरान दुकान पर मौजूद पति और जेठ समेत बीच-बचाव करने पहुंचे उनके बेटों के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने सभी को बुरी तरह पीटा, जिससे कई लोगों को बाहरी और अंदरूनी चोटें आईं।मारपीट और छीना-झपटी के दौरान बीच-बचाव कर रहे एक युवक की सोने की चेन और ब्रेसलेट गिर गए। इनमें से कुछ सामान ही बाद में मिल सका।

### जन्माष्टमीः राजगढ़ के कुछ भक्तों ने श्री कृष्ण को समर्पित कर रखे हैं महीने के 3 तीन दिन

# ऐसी लागी लगन.... प्रत्येक एकादशी पर करने जाते गिर्राजजी की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय के कुछ युवा श्रीकृष्ण की भक्ति में ऐसे रमे हैं कि बीते करीब 15-17 वर्षों से प्रत्येक माह के तीन दिन उन्होंने सिर्फ ईश्वर को समर्पित कर रखे हैं। नगर के लगभग 10-12 कृष्ण भक्तों की यह टोली हर महीने की ग्यारस(एकादशी) या पूर्णिमा को करीब 600 किमी का सफर तय कर गिर्राज पर्वत की परिक्रमा करने जाती है। इतने वर्षों में कभी ऐसा नहीं हुआ कि इस यात्रा में कभी व्यवधान आया हो। कभी-कभार स्वास्थ्य या अन्य पारिवारिक कारणों से कोई भक्त नहीं जा पाता है तो अगले माह वो सपरिवार परिक्रमा करने पहुंचता है। इन कृष्ण भक्तों में शामिल राजू मेवाड़े, रवि मेवाड़े, अजय जोशी, राकेश नामदेव, जीवन मेवाड़े, श्याम गुर्जर, राधारमण चैरसिया, रितेश



सौलंकी बताते हैं कि एकादशी या पूर्णिमा पर गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने का अपना विशेष महत्व रहता है। यही कारण है कि उनकी टोली सालों से इन दोनों पवित्र दिवसों में से



किसी एक दिन गिर्राजजी पहुंचकर पूजा-अर्चना और परिक्रमा करने जा रही है।

### एक भक्त श्याम गुर्जर दंडवत करते हैं पर्वत की परिक्रमा

इन कृष्ण भक्तों में शामिल श्री श्याम गुर्जर गोवर्धन पर्वत की 7 कोस यानि 21 किमी की परिक्रमा दंडवत होकर किया करते हैं। ये भक्त बताते हैं कि राजगढ़ मुख्यालय से ब्यावरा पहुंचकर वहां से रात्रि में टेन में बैठते हैं और अगले दिन मथुरा पहुंचते हैं। मथुरा से गिर्राजजी की दूरी लगभग 20 किमी है। ऑटो या अन्य यात्री वाहन से सभी गिर्राजजी पहुंचते हैं।

### पहले मानसी कुंड में करते हैं स्नान

इन भक्तों ने बताया कि गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा तभी सार्थक होती है \ यहां स्थित मानसी गंगा नाम के कुंड में स्नान कर लिया जाता है। मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने अपनी मानसी शक्ति(मानसिक संकल्प) से इस कुंड को प्रकट किया था। इसी धार्मिक मान्यता के चलते पहले सभी भक्त कुंड में स्नान करने के उपरान्त अपनी यात्रा आरंभ करते हैं।

### लाखों की वित्तीय अनियमिताओं पर जिपं सीईओ ने किया अयोग्य घोषित

# पूर्व व वर्तमान सरपंच छह सालों तक नहीं लड़ सकेंगे कोई चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़




जिले की पांच विभिन्न ग्राम पंचायतों के 4 पूर्व एवं एक वर्तमान सरपंच द्वारा किए गए भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अनियमिताओं पर जिला पंचायत सीईओ ने बड़ी कार्यवाही की है। सीईओ श्री इच्छित गढ़पाले ने सभी प्रकरणों, अभिलेखों, प्रतिवेदनों की जांच एवं परीक्षण सहित सुनवाई उपरान्त यह कार्यवाही की है। दोष सिद्ध हो जाने पर संबंधित पूर्व सरपंचों को 6 वर्ष की अवधि के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। इसके साथ ही संबंधित प्रकरणों में वसूली की राशि भी अधिरोपित की गई है। यहां कुछ पंचायत सचिवों पर भी कार्यवाही करते हुए उनसे वसूली का आदेश जारी किया गया है।

### ग्राम पंचायत टिकोद, जनपद पंचायत सारंगपुर

राजीव गांधी सेवा केन्द्र से संबंधित 2 लाख 23 हजार 659 रुपए की वसूली राशि का कार्य पूर्ण कराए जाने के उपरांत प्रकरण का निराकरण किया गया। कार्य में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता का दोष सिद्ध पाए जाने पर पूर्व सरपंच जगदीश को 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया गया।

### ग्राम पंचायत रायपुरिया जनपद पंचायत सारंगपुर

सीसी रोड निर्माण कार्य की करीब 2 लाख रुपए की राशि का अग्रिम आहरण किए जाने के बावजूद कार्य पूर्ण नहीं कराया गया। वित्तीय अनियमितता का दोष सिद्ध पाए जाने पर पूर्व सरपंच जगदीश पिता भेरूलाल को 6 वर्ष के लिए चुनाव लडने के लिए अयोग्य घोषित किया गया।

### ग्राम पंचायत कांकरिया जनपद पंचायत सारंगपुर

अतिरिक्त कक्ष निर्माण से संबंधित प्रकरण में प्रकरण दर्ज होने के उपरांत कार्य कराया जाना तथा वित्तीय अनियमितता का दोष सिद्ध पाए जाने पर पूर्व सरपंच दुर्गाप्रसाद मालवीय को 6 वर्ष की अवधि के लिए अयोग्य घोषित किया गया।

### ग्राम पंचायत चांदपुरा जनपद पंचायत खिलचीपुर

राजीव गांधी सेवा केन्द्र से संबंधित कुल 2 लाख 12 हजार 806 रुपए की राशि मामले में पूर्व सरपंच श्रीमती शैतानबाई पर 1 लाख 6 हजार एवं तत्कालीन सचिव मदनलाल पर भी 1 लाख 6 हजार की वसूली अधिरोपित की गई है। पूर्व सरपंच श्रीमती शैतानबाई को 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया गया वहीं सचिव की मृत्यु हो जाने के कारण उनके हिस्से की राशि की वसूली उनके वारिसों से भू-राजस्व की भांति की जाएगी।

### भंडावद में वर्तमान सरपंच अयोग्य घोषित

जीरापुर जपं की ग्राम पंचायत भंडावद में वित्तीय अनियमितता की कुल 21 लाख राशि के प्रकरण में सरपंच एवं सचिव पर समानुपातिक रूप से 10 लाख 96 हजार प्रत्येक की वसूली अधिरोपित की गई है। दोष सिद्ध पाए जाने पर सरपंच मंजूबाई राठौर को 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। वहीं सचिव श्रीलाल सिसोदिया के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा प्रकरण से संबंधित अन्य कार्यों में वसूली अधिरोपित कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जीरापुर एवं कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजगढ़ को निर्देशित किया गया है।

### 2.40 लाख बरामद, शेष राशि और अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ जारी

# विदेशी करेंसी एक्सचेंज के नाम पर 5 लाख रुपए की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

करेंसी एक्सचेंज के नाम पर 5 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 2 लाख 40 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। पुलिस आरोपितों से ठगी की शेष राशि तथा अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। जानकारी अनुसार सारंगपुर निवासी फरियादी अली असगर सैफी ने पचोर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 अगस्त को पचोर मंडी में एक महिला और दो पुरुषों ने करेंसी एक्सचेंज के नाम पर उनके साथ 5 लाख रुपये की ठगी की। फरियादी की रिपोर्ट पर पचोर थाने में अपराध क्रमांक 405/26, धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

### सीसीटीवी और मुखबिर से मिले सुराग

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस को मिले सुरागों के आधार पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने ठगी की वारदात स्वीकार की।

### बिहार और दिल्ली के रहने वाले हैं आरोपित

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान दुखवा पिता बदुवा रविदास (30), निवासी सरेंडा फुलवारी, जिला कटिहार (बिहार), रोबिन अब्दुल पिता अब्दुल रफ (36), निवासी कबीरबस्ती, मलकागंज, दिल्ली और फहिमा पति मिराज शेख (34), निवासी अली गांव, बदरपुर, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से ठगी की रकम में से 2 लाख 40 हजार रुपये बरामद किए हैं। एसडीओपी अरविंद सिंह के अनुसार आरोपितों से शेष राशि की बरामदगी और गिरोह द्वारा की गई अन्य वारदातों के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया, उप निरीक्षक जगदीश गोयल, अशोक कुमार भगत, प्रधान आरक्षक लकी घोषी, आरक्षक चेतन दुबे, मनीष, माया राजपूत, अतुल मौर्य और अर्जुन सिंह की भूमिका रही।

### 8.72 लाख रुपए नकद और 15 लाख का ट्रक जब्त

# 136.85 क्विंटल लहसुन की हेराफेरी के मामले में ट्रक मालिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

पिपलियामंडी पुलिस ने 136.85 क्विंटल लहसुन की हेराफेरी के मामले में ट्रक मालिक को इंदौर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हेराफेरी किए गए लहसुन से मिले 8 लाख 72 हजार 810 रुपए नकद और करीब 15 लाख रुपए कीमत का आयशर ट्रक जब्त किया है। जांच में सामने आया कि माल ले जाते समय ट्रक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी। मामले में चालक समेत तीन आरोपी अभी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार व्यापारी लोकेश हरजानी को पश्चिम बंगाल के धूपगुड़ी स्थित गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी



से 432 बोरी लहसुन का ऑर्डर मिला था। माल का कुल वजन 136 क्विंटल 85 किलोग्राम था। डिलीवरी के लिए व्यापारी ने मंदसौर के आसाम बंगाल एमडी रोड लाइंस ट्रांसपोर्ट से ट्रक मंगवाया था। 23 अगस्त को आयशर ट्रक HR39G8686 व्यापारी की फर्म पर पहुंचा। इसमें चालक दिनेश सिंह निवासी लुडास, हिसार (हरियाणा) और अकबर अंसारी सवार थे। दोनों ने लहसुन की 432 बोरियां ट्रक में लोड कराईं और पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुए। आरोप है कि तय स्थान पर माल पहुंचाने के बजाय रास्ते में लहसुन की हेराफेरी कर दी गई। लहसुन की डिलीवरी नहीं होने पर व्यापारी ने 25 अगस्त को पिपलियामंडी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल और ट्रक के संभावित रास्तों के CCTV फुटेज खंगाले। थाना प्रभारी विक्रम सिंह इवने ने बताया मामले में ट्रक चालक दिनेश सिंह, अकबर अंसारी और शाहीद अंसारी, दोनों निवासी परदेशीपुरा इंदौर, फरार हैं, पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

### मुरली की मधुर तान और गीता का ज्ञान, यही है श्रीकृष्ण की पहचान

**मन्दसौर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, मंदसौर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्रीकृष्ण के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने राधा-कृष्ण का मनमोहक स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। राधा-कृष्ण के रूप में सजे



प्रशिक्षणार्थी कार्यक्रम के विशेष आकर्षण रहे। जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मटकी फोड़ के दौरान परिसर में उत्साह एवं उमंग का वातावरण रहा। प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ देते हुए भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों एवं जीवन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस उपलक्ष्य पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सहसचिव एवं सरस्वती शैक्षिक विहार संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा ने कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग के संदेश को जीवन में आत्मसात करने, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने तथा भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने आचरण में उतारने का संदेश दिया। इस अवसर पर आवासीय विद्यालय के प्राचार्य महेश वप्ता, छात्रावास अधीक्षक कमल गोठी, महाविद्यालय स्टाफ, बी.एड. एवं डी.एल.एड. के समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

### भारत की नंबर वन महिला हॉकी अकादमी में मिला उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का अवसर

# मंदसौर की हॉकी खिलाड़ी नियति, सुहाना व खुशी का मप्र हॉकी अकादमी में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंदसौर की हॉकी के लिए एक बार फिर गौरव का क्षण है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी, ग्वालियर में मंदसौर की तीन प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों नियति बाड़ोलिया, सुहाना बंधवार एवं खुशी टेंटवाल का चयन हुआ है। यह अकादमी देश की प्रमुख महिला हॉकी अकादमियों में शामिल है।

अकादमी में चयन के बाद अब तीनों खिलाड़ियों को ग्वालियर में रखकर उच्च स्तरीय हॉकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही उनकी पढ़ाई, रहने, भोजन तथा खेल उपकरण सहित अन्य आवश्यक खर्च मध्य प्रदेश शासन द्वारा वहन किए जाएंगे। इससे खिलाड़ियों को खेल के साथ अपनी शिक्षा जारी रखने और राष्ट्रीय स्तर



पर आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा।

यह जानकारी हॉकी मंदसौर संघ के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया एवं सचिव अविनाश उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि तीनों खिलाड़ी पिछले लगभग तीन वर्षों से नियमित रूप से प्रतिदिन 3 से 4 घंटे हॉकी का प्रशिक्षण ले रही थीं। उनकी मेहनत और निरंतर अभ्यास का परिणाम है कि उन्होंने प्रदेश की प्रतिष्ठित हॉकी अकादमी में स्थान बनाया है।

### देशभर के खिलाड़ियों के बीच चयन

जिला खेल अधिकारी ओपी हरोड़ ने बताया कि अकादमी में खिलाड़ियों का चयन देशभर के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों के बीच विभिन्न चरणों के ट्रायल और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। इस वर्ष पूरे भारत से 24 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनमें 19 खिलाड़ी मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से तथा 5 खिलाड़ी मध्य प्रदेश के बाहर से चयनित हुई हैं।

### आर्यन चंद्रेसिया का संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्यस्तर के लिए चयन

**भानपुरा।** अंडर-14 वर्ग में आर्यन चंद्रेसिया माता नीलू चंद्रेसिया ने संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 में से 4 राउंड में जीत



हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। आर्यन ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, लगन एवं शानदार खेल प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 5 में से 4 मुकाबले जीतकर राज्य स्तर के लिए चयनित होने पर इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं खेलप्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि आर्यन चंद्रेसिया राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भानपुरा का नाम रोशन करेंगे।

### कांग्रेस ने वैकल्पिक गेट खोलने और कुलियों की स्थायी व्यवस्था की मांग की

# बुजुर्ग, दिव्यांग यात्रियों को भी सीढ़ियों से जाना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंदसौर के रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर-2 से ट्रेनों का संचालन शुरू होने के बाद यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। प्लेटफॉर्म-2 तक पहुंचने के लिए फुट ओवरब्रिज बन चुका है, लेकिन रैंप और लिफ्ट का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में बुजुर्ग, दिव्यांग, बीमार, व्हीलचेयर पर निर्भर और गर्भवती महिलाओं को सीढ़ियां चढ़कर प्लेटफॉर्म तक पहुंचना पड़ रहा है। यात्रियों की इन समस्याओं को लेकर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को स्टेशन पहुंचकर स्टेशन अधीक्षक को रतलाम डीआरएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

### रैंप-लिफ्ट का काम पूरा होने तक वैकल्पिक गेट की मांग

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के जरिए यात्रियों को हो रही असुविधाओं को दूर करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा कि नीमच-रतलाम रेल लाइन के दोहरीकरण के बाद प्लेटफॉर्म नंबर-2 से कई यात्री ट्रेनें चल रही हैं। फुट



ओवरब्रिज तो बन गया है, लेकिन रैंप और लिफ्ट का काम अधूरा होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। कांग्रेस ने मांग की कि रैंप और लिफ्ट का काम पूरा होने तक प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर पहले से मौजूद अस्थायी गेट को दोबारा खोला जाए या नया वैकल्पिक गेट बनाया जाए। इससे यात्रियों को फुट ओवरब्रिज की सीढ़ियां चढ़ने से राहत मिलेगी। इसके साथ ही स्टेशन पर पर्याप्त संख्या में कुलियों की स्थायी व्यवस्था करने की मांग भी की गई।

कांग्रेस नेताओं ने स्टेशन के बाहर ट्रैफिक व्यवस्था का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि स्टेशन के बाहर दो गेट होने के बावजूद फिलहाल सिर्फ एक गेट खुला है। ट्रेनों के आने-जाने के समय यात्रियों और वाहनों की भीड़ बढ़ने से जाम की स्थिति बन जाती है। इसलिए एंट्री और एग्जिट के लिए दोनों गेट दोबारा शुरू करने की मांग की गई।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने कहा कि प्लेटफॉर्म नंबर-2 तक जाने के लिए सिर्फ फुट ओवरब्रिज बनाया गया है। सीढ़ियों के साथ रैंप और लिफ्ट की सुविधा नहीं है। इससे बुजुर्ग, व्हीलचेयर पर चलने वाले, बीमार और गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी होती है।

स्टेशन प्रबंधक दिनेश सिसोदिया ने मीडिया को बताया कि यात्रियों से जुड़ी यह समस्या पहले से प्रशासन के संज्ञान में है। कांग्रेस की ओर से दिया गया ज्ञापन रतलाम डीआरएम को फॉरवर्ड किया जाएगा। यात्रियों को हो रही समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

### बाबा रामदेवजी मंदिर कचनारा में मेला 13 को लगेगा

**नाहरगढ़/ मंदसौर।** मंदसौर जिले की सीतामऊ तहसील की ग्राम पंचायत कचनारा( नाहरगढ़) मगरे पर स्थित चमत्कारिक बाबा रामदेवजी मंदिर कचनारा पर मेला 13 सितंबर 2026 को रहेगा। जिसके लिए प्लॉट वितरण 8 सितंबर 2026 समय दोपहर 12:30 बजे शुरूआत होगी। रुणिजा के श्याम सेवा समिति बाबा रामदेव मंदिर कचनारा नाहरगढ का अंतिम निर्णय ही को मान्य करना होगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।